NCERT SOLUTIONS

CLASS - 10th

aglasem.com

Class : 10th

Subject : हिंदी

Chapter : 11

Chapter Name : डायरी का एक पन्ना

मौखिक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

Q. 1. कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्वपूर्ण था?

Answer – कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन महत्वपूर्ण था क्योंकि ठीक एक साल आज ही के दिन पहले 26 जनवरी 1930 को पहली बार स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था | इस वर्ष उसकी पुनरावृत्ति थी जिसकी तैयारियाँ बहुत पहले से चल रही थी |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

Q. 2. सुभाष बाबू के जुलूस का भार किस पर था?

Answer – सुभाष बाबू के जुलूस का भार पूर्णोदास पर था |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

Q. 3. विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू के झंडा गाड़ने पर क्या प्रतिक्रिया हुई?

Answer – श्रद्धानंद पार्क में विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू के झंडा गाड़ने पर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

Q. 4. लोग अपने-अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय झंडा फहराकर किस बात का संकेत

देना चाहते थे?

Answer – लोग अपने-अपने मकानों व सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय झंडा फहराकर ये महूसस कर रहे थे मानो उन्हें स्वतंत्रता मिल गयी हो |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

aglasem.com

Q. 5. पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों और मैदानों को क्यों घेर लिया था?

Answer – आज़ादी के जश्न के लिए कलकत्ता में जगह-जगह सभाएँ आयोजित की गयी थी और लोग राष्ट्रीय झंडा फहराने वाले थे | पुलिस ने इन्हें झंडा फहराने, सभा करने से रोकने के लिए सभी बड़े-बड़े पार्कों और मैदानों को घेर लिया था |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -

लिखित

(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

Q. 1. 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गईं ?

Answer – 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने के लिए तैयारियाँ पहले से ही की गयी थी | कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर काम समझाया जा रहा था | अधिकतर मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था, घरों को ऐसे सजाया गया था मानो स्वतंत्रता मिल गयी हो | लोगों में उत्साह था जिस रास्ते से वे जाते नवीनता मालूम होती थी |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

Q. 2. 'आज जो बात थी वह निराली थी' – किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है? स्पष्ट कीजिए।

Answer – 26 जनवरी का वह दिन निराला था क्योंकि लोग आज़ादी के जश्न को पूरे उत्साह के साथ मना रहे थे | लोग जुलुस निकाल रहे थे, सभाएँ आयोजित कर रहे थे | पुलिस ने उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की, लाठियाँ भी बरसायी | लोग फिर भी मैदानों में इकट्ठे होने लगे, मैदान में सुभाष बाबू के जुलुस के लिए हजारों आदमियों की भीड़ इकट्ठी होने लगी |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

Q. 3. पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था?

Answer – पुलिस कमिश्नर के नोटिस के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती और जो लोग सभा में भाग लेंगे वो दोषी समझे जाएँगे | जबकि कौंसिल की तरफ़ से नोटिस निकला कि मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

Q. 4. धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

Answer – जुलुस निकलने पर पुलिस ने सुभाष बाबू को पकड़ लिया | कुछ देर बाद स्त्रियाँ जुलुस बनाकर चली तो साथ में बहुत भीड़ इकट्ठी हो गयी | इन्हें रोकने के लिए पुलिस ने लाठियाँ चलाना शुरू कर दिया

और भीड़ ज्यादा होने से बहुत से आदमी घायल हो गए | धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलुस टूट गया और स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गयी |

Page: 63, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

Q. 5. डा. दासगुप्ता जुलूस में घायल लोगों की देख-रेख तो कर रहे थे, उनके फ़ोटो भी उतरवा रहे थे। उन लोगों के फ़ोटो खींचने की क्या वजह हो सकती थी? स्पष्ट कीजिए।

Answer – डा. दासगुप्ता जुलूस में घायल लोगों की फ़ोटो भी उतरवा रहे थे ताकि वे देश के लोगों को पुलिस के द्वारा किये गए अत्याचारों को बता सकें | कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा वह भी मिट सकें |

Page: 63, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

Q. 1. सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी?

Answer – सुभाष बाबू के जुलुस के लिए स्त्री समाज भी अपनी तैयारी में लगा हुआ था | जगह-जगह से स्त्रियाँ अपना जुलुस निकालने की और ठीक स्थान पर पहुँचने की कोशिश कर रही थी | स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर चढ़कर झंडा फहरा रही थी और घोषणा पत्र पढ़ रही थी | सुभाष बाबू को जब पुलिस ने पकड़ लिया तो स्त्रियाँ जुलुस बनाकर आगे बढ़ने लगी | पुलिस ने लाठियाँ भी चलाई लेकिन वे नहीं रुकी और कुल 105 स्त्रियाँ पकड़ी गयी |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

Q. 2. जुलूस के लालबाज़ार आने पर लोगों की क्या दशा हुई?

Answer – जब जुलुस लालबाज़ार पहुँचा तो पुलिस ने लाठियाँ बरसाना शुरू कर दिया | बहुत से लोग गिरफ़्तार हुए, थाने में भी लोगों को मारा गया | बहुत आदमी चोट खाए पड़े थे, कुछ की हालत तो गंभीर थी | करीब दो सौ लोग घायल हुए थे और बहुत से लोग पकडे गए थे |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -

Q. 3. 'जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी।' यहाँ पर कौन से और किसके द्वारा लागू किए गए कानून को भंग करने की बात कही गई है? क्या कानून भंग करना उचित था? पाठ के संदर्भ में अपने विचार प्रकट कीजिए।

Answer – कौंसिल ने पुलिस कमिश्नर के सभा न करने के नोटिस की अवहेलना करके मोंजुमेंट पर सभा आयोजित करने का नोटिस निकाला | कानून को तोड़कर इतनी बड़ी सभा पहली बार आयोजित की गयी

aglasem.com

थी और लोगों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया | देश की जनता ने यह कानून भंग अपनी आजादी की लड़ाई के लिए किया था इसलिए इसे हम अनुचित नहीं कह सकते |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -

Q. 4. बहुत से लोग घायल हुए, बहुतों को लॉकअप में रखा गया, बहुत-सी स्त्रियाँ जेल गईं, फिर भी इस दिन को अपूर्व बताया गया है। आपके विचार में यह सब अपूर्व क्यों है? अपने शब्दों में लिखिए।

Answer – बहुत से लोग घायल हुए, बहुतों को लॉकअप में रखा गया, बहुत-सी स्त्रियाँ जेल गईं फिर भी यह दिन अपूर्व था| ये दिन आज़ादी की लड़ाई में विशेष महत्व रखता हैं | कलकत्ता के लोगों ने एकजुट होकर अंग्रेजों के ख़िलाफ़ अपनी आवाज़ उठायी और विरोध प्रदर्शन किया |

Page: 73, Block Name: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए –

(ग) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

Q. 1. आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है। बंगाल के नाम या कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है वह आज बहुत अंश में धुल गया।

Answer – बंगाल या कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ के लोग देश की आज़ादी के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं | 26 जनवरी 1931 को कलकत्ता वासियों ने जब स्वतंत्रता दिवस की पुनरावृत्ति में जुलुस निकालकर, सभा आयोजित कर अपना विरोध प्रदर्शन किया तो इस कलंक का कुछ अंश धुल गया| लोग घायल हुए, बहुत से लोग गिरफ़्तार भी हुए लेकिन इन्होंने हार नहीं मानी |

Page: 74, Block Name: निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

Q. 2. खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी?

Answer – कौंसिल ने पुलिस कमिश्नर के सभा न करने के नोटिस की अवहेलना करके मोंजुमेंट पर सभा आयोजित करने का नोटिस निकाला | कानून को तोड़कर इतनी बड़ी सभा पहली बार आयोजित की गयी थी |

Page: 74, Block Name: निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

भाषा अध्ययन

Q. 1. रचना की दृष्टि से वाक्य तीन प्रकार के होते हैं –

सरल वाक्य – सरल वाक्य में कर्ता, कर्म, पूरक, क्रिया और क्रिया विशेषण घटकों या इनमें से कुछ घटकों का योग होता है। स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त होने वाला उपवाक्य ही सरल वाक्य है।

उदाहरण –लोग टोलियाँ बनाकर मैदान में घूमने लगे।

संयुक्त वाक्य – जिस वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंत्र या मुख्य उपवाक्य समानाधिकरण योजक से जुड़े हों, वह संयुक्त वाक्य कहलाता है। योजक शब्द – और, परंतु, इसलिए आदि।

उदाहरण –मोनुमेंट के नीचे झंडा फहराया जाएगा और स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी।

मिश्र वाक्य – वह वाक्य जिसमें एक प्रधान उपवाक्य हो और एक या अधिक आश्रित उपवाक्य हों, मिश्र वाक्य कहलाता है।

उदाहरण –जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने उनको पकड़ लिया।

निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलिए –

I. (क) दो सौ आदमियों का जुलूस लालबाज़ार गया और वहाँ पर गिरफ़्तार हो गया।

(ख) मैदान में हज़ारों आदमियों की भीड़ होने लगी और लोग टोलियाँ बना-बनाकर मैदान में घूमने लगे।

(ग) सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लालबाज़ार लॉकअप भेज दिया गया।

II. 'बड़े भाई साहब' पाठ में से भी दो-दो सरल, संयुक्त और मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए।

Answer –

I. (क) दो सौ आदमियों का जुलूस लालबाज़ार पहुँच कर गिरफ़्तार हो गया।

(ख) हज़ारों आदमियों की भीड़ मैदान में बना-टोलियाँ बनाकर घूमने लगी।

(ग) सुभाष बाबू को पकड़कर गाड़ी में बैठाकर लालबाज़ार लॉकअप भेज दिया गया।

II. सरल वाक्य –

- वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे।
- उनकी रचनाओं को समझना छोटे मुँह बड़ी बात है।

संयुक्त वाक्य –

- अभिमान किया और दीन दुनिया दोनों से गया।

aglasem.com

· मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा।

मिश्र वाक्य –

· मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूँ लेकिन असफल रहा।

· मैं कह देता कि मुझे अपना अपराध स्वीकार है।

Page: 74, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 2. निम्नलिखित वाक्य संरचनाओं को ध्यान से पढ़िये और समझिए कि जाना, रहना और चुकना क्रियाओं का प्रयोग किस प्रकार किया गया है |

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page: 74, Block Name: भाषा अध्ययन

Q. 3. नीचे दिए गए शब्दों की संधि कीजिए –

I. श्रद्धा + आनंद = ……..

II. प्रति + एक = ……

III. पुरुष + उत्तम = ……

IV. झंडा + उत्सव = ……..

V. पुनः + आवृत्ति = ……..

VI. ज्योतिः + मय = ……..

Answer –

I. श्रद्धा + आनंद = श्रद्धानंद

II. प्रति + एक = प्रत्येक

III. पुरुष + उत्तम = पुरुषोत्तम

aglasem.com

IV. झंडा + उत्सव = झंडोत्सव

V. पुनः + आवृत्ति = पुनरावृत्ति

VI. ज्योतिः + मय = ज्योतिर्मय

Page: 75, Block Name: भाषा अध्ययन

aglasem.com